**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**
**INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH**
**भा.कु.अनु.प- राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र**
**ICAR- NATIONAL RESEARCH CENTRE ON PIG**
**RANI, GUWAHATI-781131(ASSAM)**
***Phone/Fax-0361-2847195/2847946***

## राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, राणी, गुवाहाटी में हिंदी पखवाड़ा-२०२१ का आयोजन


राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, राणी, गुवाहाटी में १४.०९.२०२१ से २८.०९.२०२१ तक हिंदी पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। हिंदी पखवाडा का शुभारम्भ निदेशक, राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, राणी, डा. विवेक कुमार गुप्ता, द्वारा हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर किया गया। निदेशक महोदय ने हिंदी भाषा का महत्व और सरकारी कार्यालयों में इसकी उपयोगिता के बारे में बताया तथा कार्यालय के सभी कर्मचारियों को अधिक से अधिक कार्य हिंदी भाषा में करने का आह्वान किया। तत्पश्चात प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं वैज्ञानिक, डॉ सतीश कुमार राजभाषा के उद्भव एवं इसके इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगितायों एवं कार्यक्रमों के बार में सभी को जानकारी दी। इस अवसर पर सभी लोगों ने राजभाषा प्रतिज्ञा भी लिया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री, भारत सरकार, श्री कैलाश चौधरी के साथ साथ हिन्दी भाषा से संबंधित सूक्तियाँ एवं माननीय सचिव एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, त्रिलोचन महापात्र जी का शुभकामना सन्देश पढ़ कर सुनाया गया।


### हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम का आयोजन किया गया

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| **14.09.2021** | उद्घाटन सत्र, ज़ूम माध्यम से ऑनलाइन, निदेशक, राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र, द्वारा समय: 4 .00 बजे |
| **15.09.2021** | श्रुतिलेख प्रतियोगिता |
| **15.09.2021 से 17.09.2021** | हिंदी हस्ताक्षर प्रतियोगिता |
| **16.09.2021** | हिंदी कार्यशाला -01, स्थान: समिति कक्ष, समय: 3.00 बजे से |
| **17.09.2021** | हिंदी निबंध प्रतियोगिता, स्थान: समिति कक्ष, समय : 3.00 बजे से |
| **18.09.2021** | वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्थान: समिति कक्ष, समय: 3.00 बजे से |
| **20.09.2021** | हिंदी कार्यशाला -02, स्थान: समिति कक्ष, समय: 3.00 बजे से |
| **21.09.2021** | बताओ और इनाम पाओ प्रतियोगिता, स्थान: समिति कक्ष, समय: 3.30 बजे से |
| **23.09.2021** | हिंदी निबंध प्रतियोगिता, स्थान: राणी हाईस्कूल |
| **24.08.2021** | काव्य पाठ प्रतियोगिता, स्थान: समिति कक्ष, समय : 3.30 बजे से |

| | |
|---|---|
| **25.08.2021** | युनिकोड टंकण प्रतियोगिता, गूगल फॉर्म के द्वारा, समय: 3.00 बजे से |
| **27.09.2021** | वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्थान: राणी हाईस्कूल, |
| **28.09.2021** | गायन प्रतियोगिता एवं समापन समारोह, स्थान: समिति कक्ष, समय : 2.30 बजे से |

राष्ट्रीय शूकर अनुसंधान केंद्र में १५ दिनों से चल रही हिंदी पखवाड़ा का सफलतापूर्वक समापन दिनांक २८.०९.२०२० को हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि, गुवाहाटी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के उप आचार्य, डॉ अच्युत शर्मा थे। उन्होंने हिन्दी भाषा के योगदान एवं उत्तरपूर्वी भारत में हिन्दी भाषा के विकास की चर्चा की एवं हिन्दी भाषा के उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हिन्दी भाषा के कवियों एवं लेखकों के योगदान को भी याद किया तथा कुछ कविताओं का भी पाठ किया। संस्थान के निदेशक महोदय ने हिंदी का प्रयोग सिर्फ सिर्फ हिंदी पखवाड़ा तक सीमित न रखकर उसे वर्ष भर अधिक से अधिक प्रयोग पर बल दिया जिससे हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रसार एवं प्रचार हो सके। संस्थान के प्रभारी राजभाषा अधिकारी एवं वैज्ञानिक डा. सतीश कुमार ने हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का उद्देश्य हिंदी का अधिक उपयोग कर राजभाषा का विकास करना बताया। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए संस्थान के सभी कर्मचारियों एवं वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया एवं राजभाषा के विकास में योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया। हिंदी पखवाड़ा में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी श्रुति लेखन, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, हिंदी-गायन एवं हिंदी हस्ताक्षर, हिन्दी टंकण प्रश्नोत्तरी आदि शामिल थे। इसके अलावा दो हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी वर्णमाला, हिन्दी बोलचाल में पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग का सही प्रयोग एवं कार्यालय आवेदन पत्रों के प्रारूप की जानकारी दी गई। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पारितोषिक राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्ष भर हिन्दी में कार्य करने के लिए विशेष पुरस्कार योजना के तहत संस्थान से दो कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।





उद्घाटन सत्र






श्रुतिलेखन प्रतियोगिता

निबंध प्रतियोगिता







वाद विवाद प्रतियोगिता






गायन प्रतियोगिता





हिंदी कार्यशाला का आयोजन





| हिंदी कार्यशाला | आओ बताओ इनाम पाओ प्रतियोगिता |
|---|---|






काव्य पाठ







समापन समारोह







| विशेष अतिथि का संबोधन | विजेताओं के साथ निदेशक एवं अतिथि |
|---|---|






पुरस्कार वितरण कार्यक्रम